दिनांकः 02.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे। वे कल राज्यसभा को भी संबोधित करेंगे। नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह जानकारी दी। इस बीच, संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी है।

000

प्रधानमंत्री ने आज एनडीए संसदीय दल की बैठक को संबोधित किया। श्री मोदी ने सांसदों से संसद के नियमों का पालन करने, संसदीय लोकतंत्र के सिद्धान्तों के अनुरूप चलने और अच्छा व्यवहार करने का आग्रह किया है। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि प्रत्येक सांसद चाहे वह किसी भी दल का हो, देश की सेवा के लिए चुना गया है और राष्ट्र सेवा उसकी सबसे बडी जिम्मेदारी है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने, राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है संसद में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर की गयी टिप्पणी तर्कहीन है। आज जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए पार्टी को विभिन्न मुद्दों पर घेरा। श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने संसद में अग्निवीर और किसानों के मुद्दों पर भी गलत बयान दिए हैं।

000

राज्य विधानसभा के कल से शुरू होने वाले सत्र से पहले आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय में पहले कैबिनेट और उसके बाद मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। सत्र से पहले आज शाम को विधानसभा में सर्वदलीय बैठक भी आयोजित की जाएगी। इसमें सभी प्रमुख दलों के नेता मौजूद रहेंगे। आज ही भाजपा विधायक दल की बैठक भी प्रस्तावित है। इसमें विधानसभा सत्र को लेकर भाजपा अपनी रणनीति तय करेगी।

000

नये आपराधिक कानूनों के लागू होने के साथ ही प्रदेश में इसके तहत मामले दर्ज हो रहे हैं। कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के लिए प्रचार प्रसार के कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी अपने संदेशों के माध्यम से नए कानूनों के जरिये मिलने वाले सुलभ न्याय के बारे में जानकारी दे रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण मालिनी अग्रवाल ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि नए कानूनों में साइबर क्राइम की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए टेक्नोलोजी पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भय का माहौल कम करने की दिशा में पुलिस प्रयासरत है।

000

प्रदेश में पश्चिमी क्षेत्रों में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई और कुछ जगह बिजली गिरने के भी समाचार हैं। पिछले 24 घंटों में हनुमानगढ़ के डूंगराना में सबसे ज्यादा 77 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। धौलपुर के बाड़ी में 42, डूंगरपुर के वेजा में 34, सीकर के रामगढ़ शेखावतान में 30, टोंक, सवाईमाधोपुर, उदयपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, झुंझुनूं, सिरोही, झालावाड़, बीकानेर, चूरू और धौलपुर में भी कई स्थानों पर बारिश दर्ज की गयी। भरतपुर में आज सुबह बादल गरजने के साथ बरसात शुरू हुई। कभी तेज तो कभी हल्की बरसात का दौर जारी है।

लगातार हो रही बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि केवलादेव राष्ट्रीय उधान की झीलों में पानी भर जाने से पशु पक्षियों को राहत मिल रही है। मौसम विभाग ने आज अजमेर, बीकानेर, भरतपुर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभागों में कहीं–कहीं बारिश की संभावना व्यक्त की है।

000

भारत और जिम्बाब्वे के बीच 5 क्रिकेट मैचों की टी–20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला छह जुलाई से शुरू हो रही है। ये सभी मैच जिम्बाब्वे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। इस श्रृंखला को लेकर भारत ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल संभालेंगे।

000